<u>**लोकसभा**</u>

**तारांकित प्रश्न संख्या *377**

**07 जनवरी, 2019 को उत्तर के लिए**

**इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान और विकास**

***377. श्री शरद त्रिपाठीः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस्पात उद्योग को अपनी उत्पादन क्षमता तत्काल सुधारने के लिए उसे नवीनतम विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी प्रदान किए जाने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकारी और निजी क्षेत्र की लौह और इस्पात कंपनियां लौह और इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) गतिविधियाँ कर रही हैं;

(घ) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ कुल आवंटित राशि और खर्च की गई राशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन कंपनियों द्वारा प्राप्त उपलब्धियाँ क्या हैं; और

(ङ) क्या सरकार ने आरएंडडी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कोई नई योजना शुरू की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(चौधरी बीरेन्द्र सिंह)**

(क) से (ङ): एक विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**“इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान और विकास” के बारे में श्री शरद त्रिपाठी, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 07 जनवरी, 2019 को उत्तर देने के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *377 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): जी हाँ। इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका सुविधाप्रदाता की होती है। सरकार बजटीय सहायता के जरिए प्रासंगिक मुद्दों का पता लगाने के लिए इस क्षेत्र हेतु आरएंडडी कार्य करती है। क्षेत्र के लिए आरएंडडी परिणाम, उद्योग द्वारा अपनाए गए सार्वजनिक डोमेन पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। तथापि, प्रयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकियों का प्रारंभ करने संबंधी निर्णय विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के तकनीकी-आर्थिक आधार पर अनिवार्यतः संबंधित लोहा और इस्पात कंपनियों द्वारा लिए जाते हैं।

(ग) और (घ): सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की इस्पात कंपनियाँ, लोहा और इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के आरएंडडी व्यय संबंधी ब्यौरे निम्नवत् हैं:-

| **क्र. सं.** | **सीपीएसई** | **आरएंडडी व्यय (करोड़ रुपये में)** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** |
| 1 | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) | 277.00 | 339.43 | 335.50 |
| 2 | राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) | 21.74 | 23.52 | 20.06 |

(ङ): अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) एक सतत गतिविधि है। सरकार ने “लोहा और इस्पात क्षेत्र में आरएंडडी को बढ़ावा देना” शीर्ष के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व की आरएंडडी परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरएंडडी की सहायतार्थ योजनागत निधि से यह योजना प्रारंभ की। 12वीं योजना में यह स्कीम जारी थी और अब भी चल रही है।

12वीं योजना के तहत इस स्कीम में इस्पात मंत्रालय से 73.85 करोड़ रुपये की अनुमोदित वित्तीय सहायता से 97.71 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया। वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान, इस योजना के तहत 15 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का आवंटन किया गया।

****